# एम.फिल (दलित-आदिवासी अध्ययन एवं अनुवाद केन्द्र) प्रवेश-परीक्षा 2017
# M.Phil (CDAST) Entrance Examination 2017

Time : 2 Hours | Max. Marks : 80

प्रवेश-पत्र संख्या / Hall Ticket No. ____________________

**अनुदेश/Instructions :**

कृपया इस पृष्ठ पर तथा ओ.एम.आर. उत्तर पुस्तिका पर अपनी प्रवेश-पत्र संख्या **जरूर लिखें ।**
Please enter your Hall Ticket Number on this page and also on the OMR answer sheet **without fail before answering the questions.**

ओ.एम.आर. उत्तर पुस्तिका पर दिये गये निर्देशों के अनुसार प्रश्नों के उत्तर ओ.एम.आर. शीट पर ही लिखे जाने चाहिए ।
Answers are to be marked on the OMR answer sheet only following the instruction provided there upon.

प्रश्न-पत्र में कुल 80 वैकल्पिक प्रश्न भाग 'ए' और भाग 'बी' के अंतर्गत दिये गये हैं । भाग 'ए' के प्रश्नों के लिए 'नेगेटिव मार्किंग' (Negative marking) है । इसलिए भाग 'ए' के हर गलत उत्तर के लिए **कुल प्राप्त अंकों (भाग 'ए' और भाग 'बी' ) में से 0.33 अंक काट दिये जाएंगे ।**
The question paper consists of 80 objective type questions in two parts (Part-A and Part-B) and there will be **negative marking of 0.33 marks for every wrong answer in Part A. The negative marks will be deducted from the total marks obtained (i.e. Part A and Part B).**

परीक्षा के उपरान्त ओ.एम.आर. उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक को सौंप दें ।
Handover the OMR sheet at the end of the examination to the invigilator.

## Entrance Examination 2017 - M.Phil (CDAST)

सूचना : **निम्नलिखित प्रश्नों के चार वैकल्पिक उत्तर दिए गए हैं जिनमें केवल एक उत्तर सही है । सही उत्तर चुनकर OMR Sheet पर यथास्थान चिह्नित कीजिए ।**

### PART - A

| | | |
|---|---|---|
| 1. | 'आलोचना' का अर्थ है --<br>A. किसी कृति की समीक्षा करना<br>B. साहित्यिक रचना का सार-गर्भित विश्लेषण और मूल्यांकन करना<br>C. किसी कृति का वर्णन करना<br>D. किसी रचना की सत्यनिष्ठता पर प्रश्न करना । | |
| 2. | 'अनुसंधान' का आशय है -<br>A. चिंतन-मनन करना<br>C. सत्यान्वेषण और ज्ञान विस्तार | <br>B. तथ्यों का संग्रह करना<br>D. वैज्ञानिक प्रशिक्षण देना |
| 3. | अनुसंधान के संदर्भ में 'सामग्री संकलन' का अर्थ है --<br>A. सर्वेक्षण करना<br>C. तथ्य-संग्रह | <br>B. पुस्तक-संग्रह<br>D. साक्षात्कार |
| 4. | अनुसंधान में 'संदर्भोल्लेख' का प्रयोजन है --<br>A. प्रतिपादित विषय को प्रामाणिक रूप में प्रस्तुत करना<br>B. अन्य विचारकों के विचारों को प्रस्तुत करना<br>C. अन्य विचारकों के विचारों की सहायता लेना<br>D. प्रतिपादित विषय के समर्थन में उद्धरण देना | |
| 5. | 'परिशिष्ट' शब्द का वाच्यार्थ है --<br>A. ग्रंथ-सूची<br>C. पत्र-पत्रिकाओं की सूची | <br>B. नामानुक्रमणिका<br>D. किसी शोध-प्रबंध का पूरक अंश |
| 6. | 'हिन्दी साहित्य और उसकी सांस्कृतिक भूमिका' किनका ग्रंथ है -<br>A. रामकुमार वर्मा<br>C. श्रीकृष्णलाल | <br>B. लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय<br>D. दीनदयाल गुप्त |

| | |
|---|---|
| 7. | 'बीसवीं सदी के अंतिम दशक की हिन्दी-कहानी में दलित जीवन' विषय पर किसने अनुसंधान किया था ?<br>A. कृष्णकुमार B. गौतमबाबा राव सोनकंबले<br>C. दिनेश राव D. रेखा चौधरी |
| 8. | 'निराला के काव्य में दलित-चेतना' विषय पर किसने अनुसंधान किया था ?<br>A. रेखा त्रिपाठी B. रश्मिरेखा<br>C. चंद्र प्रकाश D. करुणाकर मिश्र |
| 9. | प्रतिलिप्याधिकार अधिनियम किस वर्ष में राजपत्र में अधिसूचित किया गया -<br>A. 1957 ई. B. 1947 ई.<br>C. 1914 ई. D. 1948 ई. |
| 10. | प्रतिलिप्याधिकार की अवधि कितने वर्षों तक होती है ?<br>A. रचयिता की मृत्यु से 30 वर्ष B. रचयिता की मृत्यु से 60 वर्ष<br>C. रचयिता की मृत्यु से 40 वर्ष D. रचयिता की मृत्यु तक |
| 11. | 'अनुसंधान का विवेचन' किनका ग्रंथ है -<br>A. डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी B. डॉ. विजयेन्द्र स्नातक<br>C. डॉ. उदयभानु सिंह D. डॉ. गणपतिचंद्र गुप्त |
| 12. | शोध प्रक्रिया में किसी घटना के कार्य-कारण संबंधों की व्याख्या और नवीन सिद्धातों की स्थापना इसके बिना असंभव है ---<br>A. सूचनादाताओं का अभाव B. सामग्री का सर्वेक्षण<br>C. तथ्यों का विश्लेषण D. सूचना के स्रोतों का अभाव |
| 13. | साहित्य संस्था : संरचना और प्रकार्य किनकी पुस्तक है -<br>A. डॉ. विश्वंभर दयाल गुप्ता<br>B. डॉ. इंदिरा जोशी<br>C. श्रीनाम मेहरोत्रा<br>D. निर्मला जैन |
| 14. | 'साहित्य अध्ययन की दृष्टियाँ' पुस्तक के सम्पादक कौन है ?<br>A. रामदरश मिश्र और विश्वनाथ त्रिपाठी<br>B. उदयभानु सिंह और हरभजन सिंह<br>C. इन्द्रनाथ चौधरी और शांति स्वरूप गुप्त<br>D. रवीन्द्रनाथ श्रीवास्तव और भोलानाथ तिवारी |

| | |
|---|---|
| 15. | 'हिन्दी अनुसंधान ' किनका ग्रंथ है -<br>A. विनयमोहन शर्मा B. मनमोहन सहगल<br>C. रवीन्द्र कुमार जैन D. विजयपाल सिंह |
| 16. | **'शोध और सिद्धांत' किनकी पुस्तक है ?**<br>A. चंद्रभान रावत B. नगेन्द्र<br>C. सावित्री सिन्हा D. देवराज उपाध्याय |
| 17. | **'तुलनात्मक अनुसंधान और उसकी समस्याएं' किनकी पुस्तक है ?**<br>A. गुलाम रसूल और सरगु कृष्णमूर्ति B. रजूरकर और राजमल वोरा<br>C. जमीला आली ज़ाफरी D. इन्द्रनाथ चौधरी |
| 18. | एक आदर्श अनुसंधाता में इस गुण की सत्ता सर्वप्रथम अपेक्षित है --<br>A. विषय का सांकेतिक ज्ञान B. अनुकूल मनोवृत्ति<br>C. अनुभव D. जिम्मेदारी |
| 19. | अम्बेडकर-गांधी विवाद का मुख्य मुद्दा था ---<br>A. भारतीय परंपरा और हिन्दू धर्म की प्रकृति<br>B. जाति-व्यवस्था की व्याख्या<br>C. स्वतंत्रता मिलने के बाद बननेवाले राज और समाज का प्रश्न<br>D. उपर्युक्त तीनों मुद्दे समान रूप से मुख्य थे |
| 20. | उत्तर औपनिवेशिक अध्ययन में मुख्यतः ये तीन प्रवृत्तियाँ पायी जाती हैं --<br>A. मार्क्सवादी,मनोवैश्लेषिक और उत्तर संरचनावादी<br>B. फ्रायडवादी, मार्क्सवादी और संरचनावादी<br>C. नारीवादी,मार्क्सवादी और पूर्व संरचनावादी<br>D. मार्क्सवादी, दलितवादी और संप्रदायवादी |
| 21. | किस चिंतक ने मार्क्सवादी विमर्श को आर्थिक निर्धारणवाद और इतिहास के अनिवार्य नियमों की गिरफ्त से निकालनेकी भूमिका निभायी है ।<br>A. एस.एन. आइज़ेनस्टैड B. ओसवाल्ड स्पेंगलर<br>C. एडवर्ड सईद D. एंतोनियो ग्राम्शी |
| 22. | भाषा के दायरे में शब्दों और वाक्यों के तात्पर्य का अध्ययन यह कहलाता है --<br>A. शब्द विज्ञान B. वाक्य विज्ञान<br>C. अर्थ विज्ञान D. कोश विज्ञान |

23. किस साहित्य सिद्धांत ने आख्यान को साहित्यिक पाठ का पितृसत्तात्मक संस्करण रचने की रणनीति के रूप में देखा है --

A. दलितवाद　　B. नारीवाद

C. अल्पसंख्यकवाद　　D. बहुजनवाद

24. आधार और अधिरचना की संकलपना पर कौन-सा सिद्धांत टिका है ?

A. फ्राइडवाद　　B. अस्तित्ववाद

C. मार्क्सवाद　　D. आदर्शवाद

25. 'इतिहास का अंत' अवधारणा को गढ़नेवाले चिंतक का नाम है ---

A. ईसैया मेंदलेविच बर्लिन　　B. फ्रांसिस फुकुयामा

C. जार्ज हरबर्ट मीड　　D. इमैनुएल कांट

निम्नलिखित अनुच्छेद को सावधानीपूर्वक पढ़िये और प्रश्न सं. 26 से 30 तक के उत्तर दीजिए ।

आधुनिकीकरण और विकास के बीच अन्तर अधिकाधिक धुँधला पड़ता जा रहा है : दोनों एक ऐसे बिन्दु पर पहुँच गये हैं जहाँ दोनों शब्द एक-दूसरे के स्थान पर और लगभग पर्यायवाची रूप में प्रयुक्त किये जा सकते हैं । आधुनिकीकरण के बौद्धिक इतिहास की जड़े व्यवहार-विज्ञानों में हैं परन्तु यह आधुनिकीकरण की प्रक्रिया में आर्थिक कारक को महत्वपूर्ण परिवर्तन के रूप में ग्रहण नहीं करता है । दूसरी ओर विकास ने मुख्य रूप से अर्थशास्त्र से जीवन पाया है, हालाँकि इस विषय के विवेचन में संस्थागत और प्रेरणा के आयाम भी प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से चर्चित हुए हैं और चर्चित हो रहे हैं । इस विषय में होनेवाले नवीनतम शोधों के बारे में यह बात अधिक सही लगती है । दोनों में ही लाभों के प्रसार-वितरण के आयाम-ने इनके बीच की दूरी को और भी कम किया है । आज एक सामान्य जनसमुदाय के लिए दोनों ही अवधारणाएँ एक-सी लगती हैं, यदि उनके बीच कुछ अन्तर हैं तो वे मात्र शब्दार्थ की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं । पिछले तीन दशकों के कटु यथार्थ के अनुभव ने दोनों के ही उत्साही प्रवक्ताओं के स्वर को मन्द किया है । वे अपने पिछले दावों के स्थापित न होने पर लज्जित हैं । दोनों ही दृष्टियाँ अपनी कमियों और विश्लेषणों की सीमाओं से अवगत होकर विकल्पों की खोज की दिशा में ध्यान दे रही हैं।

26. आधुनिकीकरण का पर्याय क्या है ?

A. बौद्धिक इतिहास　　B. परिवर्तन

C. विकास　　D. संस्थागत प्रेरणा

| | | |
|---|---|---|
| 27. | आधुनिकीकरण की जड़े कहाँ हैं ? | |
| | A. विकास में | B. नवीनतम शोधों में |
| | C. सामान्य जन समुदाय में | D. व्यवहार-विज्ञान में |
| 28. | विकास ने कहाँ से जीवन पाया है ? | |
| | A. चिंतन से | B. अर्थशास्त्र से |
| | C. मुख्य धारा से | D. उत्साही प्रवक्ताओं से |
| 29. | पिछले दशकों में उत्साही प्रवक्ताओं के स्वर को किसने मंद किया है ? | |
| | A. आधुनिकीकरण ने | B. जनसमुदाय ने |
| | C. यथार्थ के अनुभव ने | D. अरहस्यीकरण ने |
| 30. | विकल्पों की खोज की दिशा में कौन ध्यान दे रही हैं ? | |
| | A. अवधारणाएँ | B. दृष्टियाँ |
| | C. कमियाँ | D. प्रेरणाएँ |
| 31. | अभिकथन (A) : वंचितों के लिए सकारात्मक कार्रवाई के उपायों के बारे में कोई विवाद नहीं है । कारण (B) : क्योंकि लक्ष्य-समूहों के चयन में भेदभाव और तरफदारी की समस्याएँ विवाद के विषय हैं । | |
| | A. A सही B गलत | B. A गलत B सही |
| | C. A सही B सही | D. A गलत B गलत |
| 32. | अभिकथन (A) : स्त्रियों के बारे में धनात्मक भेद-भाव का प्रश्न भिन्न है । कारण (B) : क्योंकि इसमें लगभग आधामानव समुदाय सम्मिलित है । | |
| | A. A गलत B गलत | B. A सही B सही |
| | C. A गलत B सही | D. A सही B गलत |
| 33. | अभिकथन (A) : अल्प-विकास एक उत्पन्न की हुई स्थिति है । कारण (B) : क्योंकि यह वैकासिक प्रक्रिया की आदिम स्थिति नहीं है । | |
| | A. A गलत B सही | B. A सही B गलत |
| | C. A सही B सही | D. A गलत B गलत |
| 34. | किसी भाषाई समाज में जब विभिन्न परिस्थितियों में एक ही भाषा के दो भिन्न रूपों का प्रयोग होता है, तो ऐसी स्थिति कहलाती है - | |
| | A. द्विभाषिकता | B. भाषाद्वैत |
| | C. संपर्कभाषा | D. अनौपचारिक भाषा |

| | |
|---|---|
| 35. | किसी एक राष्ट्रीय या जातीय अस्मिता से संपन्न लोगों का समूह जब मूल जमीन से दूर किसी दूसरे भूगोल का स्थायी रूप से वासी बनता है तो उसे कहते हैं -<br>A. विदेशी B. देशी<br>C. प्रवासी D. अप्रवासी |
| 36. | हिन्दी में 'भाग जाना', 'फेंक देना', 'रो पड़ना' आदि क्रियाएं कहलाती हैं -<br>A. योजक क्रियाएँ B. यौगिक क्रियाएँ<br>C. संयुक्त क्रियाएँ D. सहायक क्रियाएँ |
| 37. | प्रयोग के धरातल पर वाक्य के कुछ अंशों का लोप कर देते हैं, और केवल एक-दो शब्दों का प्रयोग करते हैं फिर भी अर्थ-बोध में कोई बाधा नहीं पहुंचती । भाषा का यह लक्षण कहलाता है -<br>A. अध्याहार B. अर्थसंगति<br>C. अन्विती D. कारक संबंध |
| 38. | 'हिन्दी ब्लॉग' को इन्होंने 'चिट्ठा' नाम दिया<br>A. विजय जैन B. आलोक कुमार<br>C. रमणकौल D. पंकज नरूला |
| 39. | भारतीय भाषाओं के बीच अनुवाद के लिए 'अनुसारक' नाम एक मशीन-अनुवाद प्रणाली का विकास इस विश्वविद्यालय ने किया -<br>A. जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय B. मुम्बई विश्वविद्यालय<br>C. हैदराबाद विश्वविद्यालय D. दिल्ली विश्वविद्यालय |
| 40. | सी-डैक, पुणे के द्वारा विकसित 'मंत्रा' अनुवाद प्रणाली में इस पद्धति का उपयोग किया गया है -<br>A. उदाहरण आधारित पद्धति B. अर्थपरक विश्लेषण पद्धति<br>C. सांख्यकी पद्धति D. ट्री-एड्जाइनिंग व्याकरण पद्धति |

## PART - B

| | |
|---|---|
| 41. | सामाजिक आन्दोलनों से संबंधित सापेक्ष्य वंचना (Relative Deprivation Theory) का प्रतिपादन इन्होंने किया -<br>A. मार्टन और रून्सीमैन B. स्मेलसर<br>C. वालेश D. स्टेलज़ेर |
| 42. | "प्रत्येक प्रांत में विशिष्ट राष्ट्रीयता के सभी तत्व विद्यमान होते हैं और उन प्रांतों को इस बात की पूरी स्वतंत्रता दी जानी चाहिए, जिससे वे अपने-अपने राष्ट्रत्व का पूर्णतः विकास कर सकें" --- यह कथन किनका है -<br>A. महात्मा गाँधी B. बाबासाहेब अम्बेडकर<br>C. ज्योतिबा फूले D. राममनोहर लोहिया |
| 43. | अंग्रेजी सरकार के दमन और उत्पीड़न के विरुद्ध बस्तर की जन-जाति का विद्रोह किस वर्ष प्रारंभ हुआ -<br>A. सन् 1900 B. सन् 1910<br>C. सन् 1915 D. सन् 1918 |
| 44. | "दीपक जोयो बिप्रघर, पुनि जोयो चण्डाल ।<br>सुन्दर दोऊ सदन को, तिमिर गयौ तत्काल ।।" - यह दोहा किस कवि का है -<br>A. कबीरदास B. दादूदयाल<br>C. रैदास D. सुन्दरदास |
| 45. | "अनाथ" शीर्षक खंडकाव्य में दलितों पर होनेवाले अत्याचारों को इस कवि ने चित्रित किया है -<br>A. प्रतापनारायण मिश्र B. सियारामशरण गुप्त<br>C. मैथिलीशरण गुप्त D. अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' |
| 46. | "जहाँ दैन्य-जर्जर असंख्यजन,/ पशु जघन्य क्षण करते यापन,<br>कीड़ों से रेंगते मनुज शिशु, / जहां अकालवृद्ध है यौवन" --- किनकी पंक्तियाँ है ?<br>A. निराला B. सुमित्रानंदन पंत<br>C. बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' D. शिवमंगल सिंह 'सुमन' |
| 47. | अपने किस उपन्यास में शिव प्रसाद सिंह ने ग्राम्य परिवेश के माध्यम से दलितों की समस्याओं का चित्रण किया है -<br>A. अलग-अलग वैतरणी B. गली आगे मुड़ती है<br>C. नीलाचांद D. शैलूष |

| | |
|---|---|
| 48. | किस उपन्यास में नागार्जुन ने बंधुआ मजदूरों पर होनेवाले शोषण को आधार बनाया है ?<br>A. नई पौध B. बलचनमा<br>C. उग्रतारा D. दुःखमोचन |
| 49. | पाण्डेय बेचन शर्मा 'उग्र' की किस कहानी में दलितों के मंदिर-प्रवेश की समस्या को केन्द्रीय विषय बनाया गया है --<br>A. समाज के चरण B. बलात्कार<br>C. चिनगारियाँ D. निर्लज्जा |
| 50. | किस उपन्यास को प्रथम दलित उपन्यास माना जाता है ?<br>A. पहला खत B. छप्पर<br>C. मुक्ति पर्व D. मिट्टी की सौगन्ध |
| 51. | प्रेमचंद की कहानी 'मंदिर' (1927) में दलितों की इस समस्या को केन्द्र में रखा गया है-<br>A. अनमेल विवाह B. दलितों का मंदिर प्रवेश<br>C. बाल-विवाह D. अस्पृश्यता की समस्या |
| 52. | दयापवार का कविता-संकलन 'कोंडवाड़ा' मूलतः इस भाषा में लिखा गया है -<br>A. तेलुगु B. हिन्दी<br>C. मराठी D. उड़िया |
| 53. | 'पकीजेठ का गुलमोहर' किनका उपन्यास है ?<br>A. मोहनदास नैमिशराय B. भगवानदास मोरवाल<br>C. नरेन्द्र कोहली D. श्यौराज सिंह बेचैन |
| 54. | 'तड़प मुक्ति की' किनकी रचना है ?<br>A. माता प्रसाद B. कँवल भारती<br>C. सुरेन्द्र कोहली D. रतनकुमार सांभरिया |
| 55. | 'दलित अस्मिता' के सम्पादक कौन हैं ?<br>A. सपना सोनकर B. विमल थोराट<br>C. रमणिका गुप्ता D. प्रथा बीसे |
| 56. | 'झोपड़ी से राजभवन' किनकी आत्मकथा है ?<br>A. भगवानदास B. ओमप्रकाश वाल्मीकि<br>C. माताप्रसाद D. सूरजपाल चौहान |
| 57. | मोहनदास नैमिशराय की आत्मकथा का क्या नाम है ?<br>A. शिकंजे का दर्द B. अपने-अपने पिंजरे<br>C. दोहरा अभिशाप D. हादसे |

| | |
|---|---|
| 58. | 'अक्करमाशी' किनकी रचना है ?<br>A. दयापवार B. शरण कुमार लिम्बाले<br>C. लक्ष्मण गायकवाड़ D. लक्ष्मण माने |
| 59. | 'घुस पैठिया' किनके कहानी संग्रह का नाम है ?<br>A. सूरजपाल चौहान B. ओमप्रकाश वाल्मीकि<br>C. दयानन्द बटोही D. सत्यप्रकाश |
| 60. | "कबीर के आलोचक" किनकी कृति है ?<br>A. धर्मवीर B. जयप्रकाश कर्दम<br>C. श्यौराज सिंह बेचैन D. एन. सिंह |
| 61. | 'प्रगतिशील साहित्य की समस्याएँ' किसकी पुस्तक है ?<br>A. नामवर सिंह B. मैनेजर पाण्डेय<br>C. रामविलास शर्मा D. रमेशकुंतल मेघ |
| 62. | किस उपन्यास में देश विभाजन की समस्या को प्रमुख रूप से लिया गया है --<br>A. मैला आँचल B. भूले बिसरे चित्र<br>C. झीनी-झीनी बीनी चदरिया D. झूठासच |
| 63. | संजीव के इस उपन्यास में आदिवासी जीवन के यथार्थ का चित्रण किया गया है -<br>A. सर्कस B. रहगई दिशाएँ इसी पार<br>C. जंगल जहाँ शुरू होता है D. सूत्रधार |
| 64. | 'काला पादरी' (2002) उपन्यास के लेखक का नाम है --<br>A. तेजिन्दर B. वीरेन्द्र जैन<br>C. मणिमधुकर D. शानी |
| 65. | 'जो इतिहास में नहीं है' किनके उपन्यास का शीर्षक है ?<br>A. विनोद कुमार B. पीटरपाल एक्का<br>C. राकेशकुमार सिंह D. मधु कांकरिया |
| 66. | 'Reorganization' का सही हिन्दी अनुवाद है -<br>A. पुनरभिविन्या B. पुनर्गठन<br>C. नवीकरण D. पुनर्नवीकरण |
| 67. | 'Livelihood'- का सही हिन्दी अनुवाद है<br>A. आनुजीविका B. आजीविका<br>C. जीवन-खर्च D. निर्वाह खर्च |

| | | |
|---|---|---|
| 68. | 'फरमान' किस के द्वारा लिखित दलित कहानी है ?<br>A. विपिन बिहारी B. रजतरानी 'मीनू'<br>C. सूरजपाल चौहान D. रमणिका गुप्ता | |
| 69. | धर्मांतरण की समस्या पर आधारित जयप्रकाश कर्दम की कहानी का शीर्षक है -<br>A. कहानी धर्म पुत्र की B. स्मृतिशेष<br>C. घर वापसी D. इस लड़ाई में | |
| 70. | "The question of what technology actually does for us is therefore worthy of investigation" - इस वाक्य का सही हिन्दी अनुवाद है --<br>A. सचमुच प्रौद्योगिकी ने क्या किया है ? छानबीन करने की जरूरत है ।<br>B. विचारणीय मुद्दा यह है कि प्रौद्योगिकी ने क्या किया है ?<br>C. इसलिए यह प्रश्न विचारणीय है कि प्रौद्योगिकी वस्तुतः हमारे लिए क्या करती है ?<br>D. इसलिए यह प्रश्न करना चाहिए कि प्रौद्योगिकी से हमें क्या मिलता है ? | |
| 71. | "As far as the motivation is concerned there is little to be said from the outside" का सही हिन्दी अनुवाद है -<br>A. बाहरवालों से प्रेरणा के बारे में कम कहा जा सकता है ।<br>B. बाहरवाले प्रेरणा में कुछ नहीं कर सकते ।<br>C. जहाँ तक प्रेरणा का प्रश्न है, बाहरवाले कुछ विशेष नहीं करते ।<br>D. जहाँ तक प्रेरणा का प्रश्न है, बाहरवाले इसमें कुछ विशेष योगदान नहीं कर सकते । | |
| 72. | अनुवाद समीक्षा में निम्नलिखित किन पक्षों पर मुख्य रूप से ध्यान दिया जाता है -<br>A. अनुवाद की सामर्थ्य और स्रोत और लक्ष्य भाषा की समस्याएँ<br>B. अनूदित कृति और लक्ष्य भाषा की प्रकृति<br>C. अनुवाद के पाठक की प्रतिक्रिया और अनूदित कृति<br>D. अनूदित कृति और भाषा कौशल | |
| 73. | दलित साहित्य लेखन किस भारतीय भाषा से प्रारंभ हुआ --<br>A. हिन्दी B. तेलुगु<br>C. मराठी D. तमिल | |
| 74. | 'दलित साहित्य' शब्द का प्रयोग महाराष्ट्र दलित साहित्य संघ के प्रथम अधिवेशन में किस वर्ष हुआ था --<br>A. सन् 1963 B. सन् 1958<br>C. सन् 1930 D. सन् 1993 | |

| | |
|---|---|
| 75. | सन् 1993 में 'अखिल भारतीय अंबेदकरी साहित्य सम्मेलन' का आयोजन किस शहर में हुआ था ?<br>A. नागपुर B. मुम्बई<br>C. वर्धा D. पूणे |
| 76. | 'दलित साहित्य के प्रतिमान' किनकी पुस्तक है ?<br>A. डॉ. एन. सिंह B. कँवल भारती<br>C. विमल थोरात D. वीरभारत तलवार |
| 77. | 'दलित साहित्य : एक मूल्यांकन' किनकी पुस्तक है ?<br>A. शत्रुघ्न कुमार B. चमनलाल<br>C. विष्णुसर्वदे D. अच्युतन |
| 78. | 'भारतीय दलित आन्दोलन का इतिहास' किनकी पुस्तक है ?<br>A. मोहनदास नैमिशराय B. सूर्यनारायण रणसुभे<br>C. ओमप्रकाश वाल्मीकि D. रामचन्द्र |
| 79. | 'दलित साहित्य का सौन्दर्यशास्त्र' किनका ग्रंथ है ?<br>A. ओमप्रकाश वाल्मीकि B. तुलसीराम<br>C. माताप्रसाद D. धर्मवीर |
| 80. | 'अछूत' नाटक किनके द्वारा लिखा गया है ?<br>A. आनंद प्रसाद श्रीवास्तव B. राधिका रमण प्रसाद सिंह<br>C. विनोद रस्तोगी D. जगदीशचन्द्र माथुर |

***